Moneywise. Be wise.

दैनिक कमोडिटी रिपोर्ट (कृषि) 13 नवम्बर 2020

एनसीडीईएक्स एग्रीडेक्स

कॉन्ट्रैक्ट	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
एनसीडीईएक्स एग्रीडेक्स	27-नवम्बर-20	1223.50	तेजी	26.05.20	1,012.00	1150.00

मसाले

कॉन्ट्रैक्ट	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
धनिया (नवम्बर)	20-नवम्बर-20	6562.00	मंदी	02.11.20	6686.00	6800.00
धनिया (दिसम्बर)	18-दिसम्बर-20	6614.00	मंदी	02.11.20	6752.00	6850.00
जीरा (नवम्बर)	20-नवम्बर-20	14265.00	साइडवेज	27.10.20	14185.00	-
जीरा (दिसम्बर)	18-दिसम्बर-20	14450.00	साइडवेज	19.10.20	14215.00	-
हल्दी (नवम्बर)	20-नवम्बर-20	5778.00	मंदी	02.11.20	5756.00	6000.00
हल्दी (दिसम्बर)	18-दिसम्बर-20	5812.00	मंदी	02.11.20	5832.00	6100.00

तिलहन

कॉन्ट्रैक्ट	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव की दर	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
सीपीओ(नवम्बर)	27-नवम्बर-20	904.80	तेजी	09.10.20	786.30	865.00
सीपीओ(दिसम्बर)	31-दिसम्बर-20	899.80	तेजी	09.10.20	788.20	860.00
रिफाइंड सोया तेल (नवम्बर)	20-नवम्बर-20	1040.30	तेजी	09.10.20	933.50	1000.00
रिफाइंड सोया तेल(दिसम्बर)	18-दिसम्बर-20	1035.40	तेजी	09.10.20	926.90	1000.00
आर एम सीड (नवम्बर)	20-नवम्बर-20	6155.00	तेजी	20.10.20	5709.00	6000.00
आर एम सीड(दिसम्बर)	18-दिसम्बर-20	6200.00	तेजी	20.10.20	5707.00	5935.00
सोयाबीन(नवम्बर)	20-नवम्बर-20	4432.00	तेजी	09.10.20	4102.00	4250.00
सोयाबीन (दिसम्बर)	18-दिसम्बर-20	4426.00	तेजी	09.10.20	4093.00	4250.00
कैस्टरसीड (नवम्बर)	20-नवम्बर-20	4708.00	तेजी	25.08.20	4058.00	4550.00
कैस्टरसीड (दिसम्बर)	18-दिसम्बर-20	4742.00	तेजी	02.11.20	4594.00	4600.00

अन्य कमोडिटीज

कॉन्ट्रैक्ट	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव की दर	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
चना (नवम्बर)	20-नवम्बर-20	5319.00	साइडवेज	12.11.20	5319.00	-
चना (दिसम्बर)	18-दिसम्बर-20	5368.00	साइडवेज	12.11.20	5368.00	-
कॉटन (नवम्बर)	27-नवम्बर-20	19770.00	तेजी	14.09.20	17730.00	19500.00
कॉटन (दिसम्बर)	31-दिसम्बर-20	19980.00	तेजी	14.09.20	17920.00	19700.00
कोकूड (दिसम्बर)	18-दिसम्बर-20	1952.00	तेजी	06.11.20	1835.00	1870.00
कोकूड (जनवरी)	20-जनवरी-21	1960.00	तेजी	06.11.20	1850.00	1890.00
ग्वारसीड(नवम्बर)	20-नवम्बर-20	4146.00	साइडवेज	12.11.20	4146.00	-
ग्वारसीड (दिसम्बर)	18-दिसम्बर-20	4201.00	साइडवेज	12.11.20	4201.00	-
मेंथा ऑयल (नवम्बर)	27-नवम्बर-20	963.80	साइडवेज	29.10.20	954.50	-
मेंथा ऑयल (दिसम्बर)	31-दिसम्बर-20	974.00	साइडवेज	29.10.20	945.00	-

**यह इंट्रा-डे कारोबार के लिए नहीं है। रूझानों का विश्लेषण बंद भाव के आधार पर करना चाहिए ।

कमोडिटीज	स्थान	बंद भाव	पिछला बंद भाव	% अंतर
इलायची	वंदनमेदू	1500.00	1506.70	-0.44
धनिया	कोटा	6514.00	6572.90	-0.90
जीरा	ऊंझा	14061.60	14061.60	0.00
हल्दी	निजामाबाद	5650.00	5650.00	0.00

कमोडिटीज	स्थान	बंद भाव	पिछला बंद भाव	% अंतर
सीपीओ	कांडला	907.00	898.50	0.95
आरएम सीड	जयपुर	6314.65	6265.00	0.79
रिफाइंड सोया तेल	मुंबई	1022.50	1013.85	0.85
सोयाबीन	इंदौर	4460.00	4424.00	0.81

कमोडिटीज	स्थान	बंद भाव	पिछला बंद भाव	% अंतर
कॉटनऑयलसीडकेक	अकोला	1961.25	1978.75	-0.88
कॉटन	कडी	19361.65	19313.85	0.25
चना	दिल्ली	5193.35	5097.50	1.88
गेहू	दिल्ली	1851.15	1870.00	-1.01

कृषि कमोडिटीज आउटलुक

मसाले

हल्दी वायदा (दिसंबर) की कीमतों के 5800-5880 रू के दायरे में कारोबार करने की संभावना है । निजामाबाद मंडी में 2,000 बैग की आवक के बीच हल्दी की सभी किस्मों में स्थिरता रही। बसमतनगर मंडी में भी 2,000 बैग की आवक के बीच दोनों किस्मों की कीमतें स्थिर रही है। इस बीच वारंगल मंडी में 100 बैग की आवक हुई है और गाथा वेराइटी की कीमतों में 200 रुपये प्रति क्विंटल और फिंगर वेराइटी की कीमतों में 300 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी हुई है । इरोड मंडी में दोनों वेराइटी की हल्दी की कीमतों में स्थिरता रही है जबकि आवक 3,300 बैग हुई है। नांदेड़ मंडी में 800 बैग हल्दी की आवक हुई है। जीरा वायदा(दिसंबर) की कीमतों के 14350-14550 रू के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। राजकोट में जीरा की हाजिर कीमतों में स्थिरता रही है। यूरोपीय क्वालिटी की जीरे की कीमतें 2535-2545 रू/20 किग्रा के दायरे में है। सिंगापुर क्वालिटी की जीरे की कीमतें 2445-2495 रू/20 किग्रा के दायरे में है। सुपर क्वालिटी की जीरे की कीमतें 2545-2595 रू/20 किग्रा के दायरे में है। धनिया वायदा (दिसंबर) की कीमतों के 6550-6650 रू के दायरे में साइडवेज कारोबार करने की संभावना है। कमजोर मांग के बीच हाजिर धनिया की कीमतों में गिरावट जारी है। सुबह के सत्र में गुजरात में धनिया की कीमतें 20-50 रुपये की बढ़त दर्ज की गई, लेकिन कारोबार के अंत कीमतें लुढ़क गई । इस बीच, म.प्र., कर्नाटक, मुंबई और तमिलनाडु मंडियों में कमजोर कीमतों के साथ सुस्त कारोबार देखा गया। यहां तक कि स्थानीय मिलों की ओर से भी मांग गायब थी, क्योंकि ज्यादातर मंडियां दीपावली के कारण बंद हो जाएगी।

तिलहन और खाद्य तेल

सोयाबीन वायदा (दिसंबर) की कीमतों को 4390 के पास सपोर्ट बरकरार रहने की संभावना है, कीमतों के 4450 के स्तर पर पहुंचने की उम्मीद है। घरेलू के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भी बेहतर फंडामेंटल से कीमतों को मदद मिल रही है। ब्राजील में शुष्क मौसम और चीन की ओर से मजबूत मांग के बीच यूएसडीए के अनुसार 2020-21 में अमेरिकी सोयाबीन का उत्पादन कम होने और अंतिम स्टॉक कम होने के अनुमान के कारण शिकागो सोयाबीन वायदा की कीमतें चार वर्षो के उच्च स्तर पर पहुंच गई है। कम पैदावार के कारण सोयाबीन का उत्पादन 4.17 बिलियन बुशल होने का अनुमान है जो 98 मिलियन बुशल कम है। घरेलू बाजार में सोयाबीन की फसल को नुकसान और संक्रमित फसलों की आवक की रिपोर्ट के कारण इंदौर की मंडियों में सोयाबीन की कीमतों में बढ़ोतरी हो रही है। सोयाबीन तेल और सोयामील की अधिक मांग के कारण मिलों के लिए मार्जिन 120/150 रू प्रति क्विंटल तक बढ़ गई हैं, जिससे मिलें अधिक मात्रा में ताबड़तोड़ पेराई कर रही हैं। इससे सोयाबीन की मांग अधिक बनी हुई है। आरएम सीड वायदा (दिसंबर) की कीमतों में भी तेजी का रूझान है और 6130-6230 के स्तर के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए कीमतों में हर गिरावट को खरीदारी के अवसर के रूप में लिया जा सकता है। नयी खरीददारी के कारण जयपुर के हाजिर बाजार में सरसों की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। जयपुर में कीमतें बढ़कर 6300 रू प्रति क्विंटल हो गई है। सरसों तेल की कीमतों में भी बढ़ोतरी हुई। कारोबारियों के मुताबिक, मिलें नयी खरीदारी के लिए बिजार में वापस आयी। उन्हें अपनी नियमित जरूरत के लिए सरसों खरीदने की जरूरत है। सोया तेल वायदा (दिसम्बर) की कीमतें तेजी के रूझान के साथ 1040-1045 के स्तर पर पहुंच सकती है, जबकि सीपीओ (नवम्बर) की कीमतें भी 908-912 रू तक बढ़त जारी रह सकती है। कच्चे तेल और प्रतिद्वंद्वी तेलों में बढ़त के कारण मलेशियाई पाम तेल वायदा की कीमतों में कल बढ़ोतरी हुई है बर्सा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जनवरी डिलीवरी के लिए बेंचमार्क पाम ऑयल की कीमतें 49 रिंगिट या 1.5% बढ़कर 3,395 रिंगिट प्रति टन पर बंद हुई है।

अन्य कमोडिटीज

कॉटन वायदा (नवम्बर) की कीमतों के तेजी के रूझान के साथ 19700-199000 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। चालू वर्ष 2020-21 में भारत में कपास का उत्पादन लगभग 4 लाख बेल (170 किलोग्राम का)घटकर 356 लाख बेल होने की संभावना है, जबकि पिछले साल 360 लाख बेल उत्पादन हुआ था। कुछ उत्पादन क्षेत्रों में अधिक बारिश और गुलाबी बालवॉर्म संक्रमण के कारण फसल नुकसान के कारण उत्पादन में कमी हुई है। भारत में कपास की कीमतें 38,700-40,200 रू प्रति कैंडी (356 किलोग्राम का एक कैंडी) के दायरे में कारोबार कर रही हैं, जो निर्यात बाजारों के लिए अनुकूल माना जाता है, जो न्यूयॉर्क कपास बाजार में लगभग 70 सेंट प्रति पाउंड से अधिक पर कारोबार कर रही हैं। चना वायदा (दिसंबर) की कीमतों में 5340 के स्तर पर सपोर्ट के साथ 5400-5450 के स्तर पर पहुंचने की संभावना है। नेफेड ने हाल ही में 5300 रू के नीचे के निविदाओं को खारिज कर दिया है। अकोला में चना की हाजिर कीमतें 5200/5250 रुपये/ क्विं. रही है। चना दाल और बेसन की मांग कम हो गई है क्योंकि दिवाली के लिए खरीददारी अब कम हो गई है और दिवाली के बाद मांग कोविड-19 के प्रभाव पर बहुत निर्भर होगी। मिलों और स्टॉकिस्टों के पास से चना स्टॉक अब धीरे-धीरे घट रहा है और उन्हें आगे के लिए स्टॉक को फिर से भरने की आवश्यकता है। यह आने वाले सत्रों में कीमतों की बढ़ोतरी में मदद कर सकता है। ग्वार सीड वायदा (दिसंबर) की कीमतें नरमी के रूझान के साथ 4170-4230 रू दायरे में साइडवेज कारोबार कर सकती है, जबकि ग्वारगम वायदा (दिसंबर) की कीमतें नरमी के रूझान के साथ 6425-6560 रू के दायरे में कारोबार कर सकती है । अधिक सप्लाई के कारण हाजिर बाजारों में कीमतें दबाव में है। राजस्थान, हरियाणा और गुजरात में ग्वारसीड और ग्वारगम की कीमतों में 65 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट हुई है। व्यापारियों ने कहा कि खराब मांग और ग्वारसीड की भारी आपूर्ति से बाजार का सेंटीमेंट कमजोर हुआ है। ग्वारगम की खपत में कमी के परिणामस्वरूप स्टॉक में वृद्धि हुई है। ग्वारगम का केवल कारोबार किसा जा रहा है, मिलों की ओर से मांग नही हो रही है।

वंदना भारती	एवीपी कमोडिटी रिसर्च	फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 625	**vandanabharti@smcindiaonline.com**
सुब्रोनिल डे	सीनियर रिसर्च एनॉलिस्ट	फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 674	**subhranildey@smcindiaonline.com**
शिवानन्द उपाध्याय	रिसर्च एसोसिएट	फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 646	**shivanand@smcindiaonline.com**

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

Moneywise. Be wise.

Corporate Office:
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

Mumbai Office:
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor , Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

Kolkata Office:
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई (मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल (CDSL) और एनएसडीएल (NSDL) के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है। एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई (AMFI) में भी रजिस्टर्ड है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट) रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हें सत्य माना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें। रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

डिसक्लेमर: यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं। यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है। इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उद्देश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है। सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ) समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है। सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा।